समाचार

श्री रामलला दर्शन योजना

# महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने तीर्थयात्रियों के दल को श्री रामलला दर्शन हेतु किया रवाना




कोरबा 23 जुलाई 2025 – आज महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत द्वारा श्री रामलला दर्शन योजना के अंतर्गत कोरबा नगर निगम द्वारा पवित्र अयोध्या धाम यात्रा हेतु 35 श्रद्धालु तीर्थयात्रियों को साकेत भवन से तिलक लगाकर, पुष्पमाला पहनाकर एवं मंगलकामनाओं के साथ रवाना किया गया। इस मौके पर महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने कहा कि यह हमारे लिए सौभाग्य की बात है कि प्रभु श्रीराम के दर्शन हेतु श्रद्धालुजन इस पुण्य यात्रा पर प्रस्थान कर रहे हैं। ईश्वर उनकी यात्रा मंगलमय करें और वे रामलला के चरणों में अपने श्रद्धा भाव के साथ में पूर्ण भक्ति से दर्शन कर सकें।

छत्तीसगढ़ सरकार की महती योजना श्री रामलला दर्शन योजना के तहत प्रदेश के नागरिकों को अयोध्याधाम ले जाकर भगवान श्री रामलला जी के दर्शन प्रतिमाह कराये जा रहे हैं, जिसका सम्पूर्ण व्यय शासन द्वारा वहन किया जाता है। इसी कड़ी में इस माह भी कोरबा से 35 तीर्थ यात्रियों का दल श्री रामलला दर्शन हेतु अयोध्याधाम की यात्रा के लिये रवाना हुआ है। यह दल बस के माध्यम से बिलासपुर के उस्लापुर रेलवे स्टेशन पहुंचा, वहॉ से विशेष ट्रेन द्वारा अयोध्याधाम पहुंच कर श्री रामलला जी के दर्शन का पुण्य लाभ प्राप्त करेंगे। नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत में आज प्रातः 08 बजे निगम की महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत, सभापति

श्री नूतन सिंह ठाकुर, एम.आई.सी.सदस्य  हितानंद अग्रवाल, अजय गोंड़, ममता यादव व अन्य जनप्रतिनिधियों ने हरी झण्डी दिखा कर तीर्थ यात्रियों की बस को रवाना किया, उन्होने तीर्थ यात्रियों का पुष्पाहार से स्वागत किया एवं उन्हें अपनी हार्दिक बधाई व शुभकामनायें दी। इस अवसर पर तीर्थ यात्रियों ने श्री रामलला दर्शन योजना की मुक्तकंठ से प्रशंसा करते हुए सरकार के प्रति अपना आभार व्यक्त किया। जन–जन तक धार्मिक और सांस्कृतिक चेतना का यह प्रयास सतत जारी रहेगा।

इस मौके पर मेयर इन काउंसिल सदस्य श्री हितानंद अग्रवाल, श्री अजय गोंड़, ममता यादव, अपर आयुक्त विनय मिश्रा, उपायुक्त पवन वर्मा, पूर्व पार्षद दीपक यादव, श्री रामलला दर्शन समिति के सदस्य प्रकाश अग्रवाल, अरविंद सिंह, संजय कुमार भास्कर, विकास टंडन, संतोष यादव, दानेश्वर वैष्णव आदि के साथ अन्य लोग उपस्थित थे।